पंजाब केसरी 22/08/2025

# सुरक्षित एवं सतत यातायात व्यवहार का वाहक बने युवा वर्ग : अनिल कुमार

## ■ जी.एम.एन. कॉलेज में सड़क सुरक्षा पर हुआ विशेष व्याख्यान

अम्बाला, 21 अगस्त (बलराम): छावनी स्थित जी.एम.एन. कॉलेज के रोड सेफ्टी क्लब एवं एस.डी.जी. क्लब के संयुक्त तत्वावधान में वीरवार को विशेष सड़क सुरक्षा व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त के मार्गदर्शन और डा. एस.एस. नैन के संयोजकत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता ट्रैफिक पुलिस के सब इंस्पैक्टर अनिल कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए सड़क सुरक्षा के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने यातायात नियमों के पालन, सावधानीपूर्वक वाहन संचालन तथा दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु जिम्मेदार एवं अनुशासित व्यवहार अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। विशेष रूप से युवा वर्ग को सुरक्षित एवं सतत यातायात व्यवहार के वाहक बनने का आह्वान किया।

डा. एस.एस. नैन ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल कानून का विषय नहीं है, बल्कि यह हमारी सामाजिक जिम्मेदारी भी है। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे स्वयं जागरूक बनें और दूसरों को भी यातायात नियमों के प्रति जागरूक करें, ताकि सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके। व्याख्यान के पश्चात आयोजित प्रश्नोत्तर सत्र में छात्रों ने सक्रिय भागीदारी की और सड़क सुरक्षा नियमों के पालन तथा समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्राध्यापक डा. अमिता एवं प्राध्यापक डा. सरोज बाला सहित संकाय सदस्य और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



जी.एम.एन. कॉलेज में सड़क सुरक्षा पर व्याख्यान देने पहुंचे ट्रैफिक पुलिस के सब इंस्पैक्टर अनिल कुमार। (चंद्रमोहन)